O/C

# NMDC Steel Limited

**(A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)**

**Post – Nagarnar (Bastar) CHHATTISGARH. PIN 494001**

***Corporate Identity Number (CIN)-U27310CT2015GO1001618***

एनएमडीसी / एनएसएल / पर्या. / वनमण्डलाधिकारी / 2023 / 211 दिनांक 03.03.2023

प्रति,
वनमण्डलधिकारी
कार्यालय वनमण्डल जगदलपुर,
बस्तर, छत्तीसगढ़ 494001

**विषयः– Diversion of Forest land for non-forest purpose under forest conservation act. 1980 proposed for Construction of ITI polytechnic and other associated infra-structures in village – Chokawada, Tehsil- Jagdalpur, District- Bastar under CSR Activities of NMDC Ltd. area 9.80 ha. –regarding. (Reg. No. FP/CG/Others/28)**

संदर्भ :–
1. एनएमडीसी / एनआईएसपी / पर्या. / वन म. / 2021 / 714 दिनांक 20 / 09 / 2021
2. बस्तर वन मण्डल, जगदलपुर का पत्र क्रमांक / क.त.अ. / 4477 जगदलपुर, दिनांक 08 / 12 / 2021
3. बस्तर वन मण्डल, जगदलपुर का पत्र क्रमांक / क.त.अ. / 1759 जगदलपुर, दिनांक 01 / 04 / 2022
4. एनएमडीसी / एनआईएसपी / पर्या. / वन म. / 2022 / 576 दिनांक 28 / 10 / 2022
5. एनएमडीसी / एनएसएल / पर्या. / वनमण्डलाधिकारी / 2023 / 171, दिनांक 17.01.2023
6. **आपका पत्र क्रमांक / क.त.अ. / 507 जगदलपुर दिनांक 28 / 02 / 2023**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि हमारी संस्था एनएमडीसी को प्रस्तावित क्षेत्र के भू–प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव वन विभाग में जमा करने हेतु आपके पत्र दिनांक 01.12.2020 द्वारा निर्देशित किया गया था जिसके तहत परियोजना द्वारा डी.जी.पी.एस. सर्वे रिपोर्ट एवं निर्धारित चेक लिस्ट कंडिका क. 1 से 44 चेक लिस्ट में प्रस्ताव तैयार कर 6–6 प्रतियों में आपके कार्यालय में संदर्भित पत्र क्रमांक 1 दिनांक 20 / 09 / 2021 को जमा किया गया था।

आपके द्वारा पत्र दिनांक 08.12.2021 एवं 01.04.2022 द्वारा प्रस्तावित क्षेत्र के भू–प्रत्यावर्तन हेतु आवेदित रकबा 9.8 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि एवं वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित रकबा 20 हेक्टेयर वनभूमि के डीजीपीएस सर्वे के नक्शे अनुसार मुनारा गाड़ने एवं मुनारा में को–आर्डिनेट दर्शाते हुए जानकारी निर्धारित चेकलिस्ट 1 से 44 के 45 वां कंडिका में (अतिरिक्त कंडिका के रूप में) समाहित कर पूर्ण प्रस्ताव के.एम.एल. फाईल (सॉफ्ट कॉपी) सहित आपके कार्यालय में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था। इस संदर्भ में परियोजना द्वारा उपरोक्त कार्य पूर्ण कर संदर्भित पत्र क्रमांक 4 दिनांक 28.10.2022 को आपके कार्यालय को प्रेषित किया गया है। इसी तारतम्य में आपके कार्यालय के निर्देशानुसार 1 से 45 दस्तावेज / कंडिकाओं में परिवर्तन कर हस्ताक्षर करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसे हस्ताक्षर पश्चात आपकी ओर प्रेषित किया गया, तत्पश्चात आपके निर्देशानुसार दिनांक 26.12.2022 को कंडिका क्रमांक 13 के साथ संलग्न दस्तावेज (Estimation of Cost of forest diversion) में हस्ताक्षर एवं क्रमांक 14 में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण क्षेत्र ग्राम कलचा का चयन कर / संशोधन कर पुनः हस्ताक्षर करने हेतु निर्देशित किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में आवेदक संस्था द्वारा उपरोक्त वर्णित कंडिका में हस्ताक्षर कर आपके कार्यालय को इस पत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 17.01.2023 को भेजा गया।

**तत्पश्चात आपके संदर्भित पत्र क. / क.त.अ. / 507 दिनांक 28.02.2023 द्वारा पुनः आवेदक संस्था को भू–प्रत्यावर्तन हेतु ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु स्केनिंग एवं प्रस्ताव की 6–6 प्रतियां तैयार कर आपके कार्यालय में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में आवेदक संस्था एनएसएल, नगरनार द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु स्केनिंग एवं प्रस्ताव को 6–6 प्रतियों में तैयार कर (सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी सहित) आपके कार्यालय को प्रेषित की जा रही है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त दस्तावेजों को सत्यापित कर प्रकरण को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें।
सधन्यवाद।

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, जगदलपुर वृत्त, जगदलपुर (छ.ग.)
क्रमांक 40
दिनांक 9/3/2023

कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, बस्तर (सा.) वन मण्डल, जगदलपुर
क्र. ...
दि. 09/03/2023

भवदीय,
राजन
महाप्रबंधक (सेवाएं)

संलग्न : उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि :–
1. अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–प्रबंधन / वं.सं.अ.) छ.ग. रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधिशासी निदेशक (एन.आई.एस.पी.) महोदय को सादर सूचनार्थ।